दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### समस्त प्रकार के प्रतिष्ठान एवं व्यवसायिक दुकानों का संचालन होगा अब रात्रि 8 बजे तक

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा कोविड-19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये जिले में कुछ प्रतिबंध के साथ प्रतिष्ठान संचालन के लिये शाम 7 बजे तक आदेश प्रसारित किया गया था। जिसमें आंशिक संशोधन करते हुये रविवार को छोड़कर रायगढ़ जिले में स्थित समस्त प्रकार के प्रतिष्ठान एवं व्यवसायिक दुकानों को सामान्य संचालन शर्तो के अधीन रात्रि 8 बजे तक संचालित करने की अनुमति दी गई है। शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### जिले में छोटे मूल्य की नान ज्यूडिशियल स्टाम्प उपलब्ध

**रायगढ़ ।** जिले में आम जनता की सुविधा के लिये जैसे की नाम परिवर्तन, शपथ-पत्र, इकरारनामा, घोषणा-पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य कार्य के लिये छोटे मूल्य के स्टाम्प 10, 20, 50 एवं 100 रुपये नान ज्यूडिशियल स्टाम्प की की आवश्यकता पड़ती है जो कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा स्टाम्प वेन्डरों द्वारा बिक्री की जा रही है। यदि किसी भी स्टाम्प वेन्डरों द्वारा स्टाम्प की काला बाजारी की जाती है तो इसकी शिकायत जिला पंजीयक एवं कलेक्टर आफ स्टाम्प रायगढ़ के पास मौखिक एवं लिखित रूप में कर सकते है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 359.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक 1 जून 2021 से अब तक राज्य में 359.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 13 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार सुकमा जिलें में सर्वाधिक 689.4 मिमी और मुंगेली जिले में सबसे कम 257.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 284.9 मिमी, सूरजपुर में 393.1 मिमी, बलरामपुर में 321.2 मिमी, जशपुर में 373.6 मिमी, कोरिया में 312 मिमी, रायपुर में 334.1 मिमी, बलौदाबाजार में 444.8 मिमी, गरियाबंद में 378.7 मिमी, महासमुंद में 322.6 मिमी, धमतरी में 339.1 मिमी, बिलासपुर में 353.7 मिमी, रायगढ़ में 299.9 मिमी, जांजगीर चांपा में 372.6 मिमी, कोरबा में 536.6 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 352.7 मिमी, दुर्ग में 377.9 मिमी, कबीरधाम में 298 मिमी, राजनांदगांव में 266 मिमी, बालोद में 299.2 मिमी, बेमेतरा में 468 मिमी, बस्तर 290 मिमी, कोण्डागांव में 318.8 मिमी, कांकेर में 304.2 मिमी, नारायणपुर में 413.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 279 और बीजापुर में 393.4 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### मुठभेड़ में 1 नक्सली का शव बरामद 1 जवान और 1 ग्रामीण घायल

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के उसूर थाना व कैम्प गलगम से सर्चिंग तथा सड़क सुरक्षा अभियान में सीआरपीएफ 222वीं वाहिनी एवं 196 वीं वाहिनी का बल रवाना किया गया था। जवानों के साथ आज दोपहर को हुई मुठभेड़ में 01 वर्दीधारी पुरूष नक्सली का शव सहित हथियार बरामद किया गया है। इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ 196 बटालियन का जवान अखिलेश घायल हो गया। इसके साथ ही एक ग्रामीण कोट्टम सोमा, निवासी नड़पल्ली घायल अवस्था में घटनास्थल में मिला। अतिरिक्त एसटीएफ एवं सीआरपीएफ का बल रवाना किया गया है, तथा ईलाके की सर्चिंग जारी है।

# महिला समूहों को समय पर मिले राशि, हुये भुगतान का करवायें सत्यापन -कलेक्टर भीम सिंह

**» कलेक्टर सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक**



**रायगढ़ ।** गौठानों में कार्यरत महिला स्व-सहायता समूहों को 30 जून तक की बिक्री का भुगतान कर दिया गया है। सभी सीईओ जनपद अपने विकासखण्ड में सचिवों के माध्यम से महिला समूहों को भुगतान प्राप्त हुआ अथवा नहीं इसका सत्यापन करवा लें। जहां समूहों के खातों में राशि नहीं मिली है वहां क्या समस्याएं आ रही है, पता करें और उसका तत्काल निराकरण करें। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में गोधन न्याय योजना की समीक्षा की। उन्होंने गौठानों में गोबर खरीदी, वर्मी कंपोस्ट तथा सुपर कंपोस्ट निर्माण की जानकारी ली। गौठानों में तैयार कंपोस्ट को पैकेजिंग कर नियमित रूप से सहकारी समितियों में भंडारण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिमाह प्रत्येक गौठान में गौठान समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। सभी गौठानों में बारिश के मद्देनजर आवश्यक तैयारी रखने के लिये कहा। गौठानों में स्थापित मल्टी एक्टिविटी सेंटर में आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने मिनी राइस मिल प्रदान करने के निर्देश उप संचालक कृषि को दिए।

कलेक्टर सिंह ने बैठक के दौरान धान के स्थान पर अन्य फसल उत्पादन की समीक्षा की। उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों की सहमति के आधार पर उन्हें बीज उपलब्ध कराए गए थे और किसान बोआई कार्य कर रहे है। आने वाले दिनों में दलहन-तिलहन की बोआई में तेजी आएगी। कलेक्टर सिंह ने इस संबंध में विकासखण्डवार बोआई की जानकारी ली। उन्होंने सभी एसएडीओ को इसकी लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ऐसे सभी किसानों का राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत पंजीयन करवाने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर सिंह ने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने वन मंडल रायगढ़ व धरमजयगढ़ से किसानों को उनकी मांग के अनुसार पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उद्यानिकी विभाग को भी पौधे प्रदान करने के लिये निर्देशित किया। कलेक्टर सिंह ने किसानों तथा वन अधिकार पत्र प्राप्त हितग्राहियों के केसीसी निर्माण के संबंध में सहकारी बैंक प्रबंधक एवं लीड बैंक मैनेजर से जानकारी ली। उन्होंने अभियान चलाकर केसीसी बनाने व इसकी वर्षवार अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने महिला स्व-सहायता समूहों को कृषि कार्य हेतु आबंटित पड़ती भूमि पर किए जा रहे कार्यों पर समीक्षा की। उन्होंने जिन स्थानों पर कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है वहां कारणों का सर्वे कर जानकारी देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने सभी चिन्हांकित स्थानों में हाट-बाजार प्रारंभ करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। जिले में कोविड टेस्टिंग की समीक्षा की तथा रोजाना तय लक्ष्यों के अनुसार टेस्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपलब्ध टीके अनुसार टीकाकरण कार्य लगातार करने के निर्देश दिए। नगर निगम क्षेत्र में डेंगू से बचाव के लिये अभियान जारी रखने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। कलेक्टर सिंह ने विकासखण्ड मुख्यालयों में बनाये जा रहे युवा केन्द्रों का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। वहां आवश्यक किताबें, कम्प्यूटर सिस्टम की व्यवस्था भी शीघ्र सुनिश्चित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को उन्होंने निर्देशित किया।

इस दौरान आयुक्त नगर निगम एस.जयवर्धन, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ डॉ.प्रणय मिश्र, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिंह ने गौठानों में चारागाह में हरा चारा प्लांटेशन की जानकारी ली। उप संचालक पशुपालन ने बताया कि गौठानों में शेड्यूल बनाकर नेपियर रूट्स का प्लांटेशन किया जा रहा है। लगभग 7 लाख रूट्स लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

# गुंडा बदमाश रतन उर्फ शेरू चौहान गिरफ्तार

**» महिला से छेड़खानी और मारपीट के मामले में कोतरारोड पुलिस ने की कार्रवाई**



**रायगढ़।** दिनांक 12/07/2021 के शाम एक कामकाजी युवती किरोड़ीमलनगर दुकान से काम कर अपने सहेली के साथ घर जा रही थी जिस पर क्षेत्र का गुंडा बदमाश रतन लाल उर्फ शेरू चौहान युवती को सुनसान जगह पर छेड़खानी की नियत से हाथ, बांह पकड़ कर छेड़खानी करने लगा, जिसका विरोध एक युवती की तो शेरू चौहान युवती पर पास में रखें ब्लेड से उसके गला में वार कर दिया जिससे युवती को चोटे आई है। घटना की सूचना मिलने पर तत्काल कोतरारोड़ थाना प्रभारी निरीक्षक चमन सिन्हा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी रतन लाल उर्फ शेरू चौहान पिता जागेश्वर चौहान उम्र 29 वर्ष निवासी कोकड़ीतराई थाना कोतरारोड को हिरासत में लिया गया। अहिता का मेडिकल चेकअप के बाद अहिता के रिपोर्ट पर आज दिनांक 13/07/2021 को अपराध क्रमांक 208/21 धारा 354, 307 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया,जिसमें आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# बाल मेला उमंग कार्यक्रम-स्कूल शिक्षा मंत्री करेंगे शिक्षा के विभिन्न आयामों एवं गतिविधियों का निरीक्षण

**रायगढ़ ।** स्कूल शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम रायगढ़ प्रवास के दौरान 15 जुलाई को जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निरीक्षण एवं ऑफलाईन कक्षा का अवलोकन करेंगे। इस दौराने वे जिले के अभिनव पहल उमंग कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।



जिला कलेक्टर भीम सिंह के प्रभावी निर्देशन व डीईओ आर.पी.आदित्य एवं डीएमसी रमेश देवांगन के मार्गदर्शन में जिले में क्रियान्वित हो रहे शिक्षा विभाग के विभिन्न आयामों एवं गतिविधियों के आकलन, मूल्यांकन सहित उपलब्धियों के प्रदर्शन हेतु शिक्षा के नवाचार के रूप में आयोजित किए जा रहे बालमेला उमंग कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड स्तर एवं संकुल स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिला शिक्षा विभाग रायगढ़ द्वारा वर्तमान सत्र के बीते एक माह में संचालित एवं क्रियान्वित हो रहे शिक्षा के विभिन्न आयाम एवं गतिविधियों के प्रदर्शन हेतु जिले के सभी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों तथा विकास खंडों के चिन्हित विद्यालयों में बाल मेला उमंग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न स्टालों के द्वारा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम 15 जुलाई को जिले के विभिन्न विकास खंडों के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला पटेलपाली रायगढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेतला पुसौर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकबीरा सारंगढ़ तथा रायगढ़ के शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित बाल मेला उमंग का निरीक्षण करेंगे। 16 जुलाई को शेष अन्य विकास खंडों व सभी संकुलों में बाल मेला उमंग का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में भी शिक्षा की निरंतरता को बनाए रखने अपनी उपलब्धियों के आकलन, मूल्यांकन व प्रदर्शन सहित कोविड काल में बच्चों एवं पालकों में शिक्षा के प्रति रुचि व रुझान बनाए रखने हेतु जिले के प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय के चिन्हित विद्यालय में विकासखंड स्तरीय उमंग कार्यक्रम एवं जिले के सभी 348 संकुल में भी उमंग कार्यक्रम बाल मेला का आयोजन किया जा रहा है। स्कूलों में कोविड नियमों का पालन करते हुए आयोजित कार्यक्रम में लगे विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से शिक्षा विभाग, शिक्षा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी के प्रदर्शन के साथ बच्चों को शिक्षा संबंधी विभिन्न सामग्रियों का वितरण भी करने जा रहा है।

# बहुप्रतीक्षित मार्केट संजय काम्प्लेक्स को मॉडल मार्केट बनाने के लिए महापौर ने मांगा शहरवासियो से सुझाव

**» बड़े शहरों के तर्ज पर मिलेगा हर जरूरत की वस्तुयें-जानकी काट्जू**



**रायगढ़ (आरएनएस)।** नगर निगम की महापौर जानकी काट्जू ने शहर के बहुप्रतीक्षित मार्केट संजय काम्प्लेक्स के विस्तार एवं निर्माण हेतु शहरवासियो से भी सुझाव और विचार मांगा है ताकि यह मार्केट एक मॉडल के रूप में विकसित हो।

रायगढ़ शहर के हृदयस्थल पर बनने वाले मार्केट संजय काम्प्लेक्स के निर्माण हेतु नगर निगम द्वारा आर्किटेक्ट से उसके लिये ब्यवस्थित और सर्वसुविधायुक्त काम्प्लेक्स का डिजाइन कराया जा रहा है,ताकि निकट भविष्य में शहर के बढ़ते जनसंख्या पर भी यह प्रभावित ना हो।

बड़े शहरों के तर्ज पर पार्किंग,लिफ्ट,सुविधाजनक सीढ़ियां,पानी,विद्युत ब्यवस्था,सुरक्षा की ब्यवस्था,आदि को ध्यान में रखते हुए डिजाइन तैयार किया जा रहा है,उस काम्प्लेक्स को और बेहतर तथा सर्वसुविधायुक्त बनाने महापौर जानकी काट्जू ने शहरवासियों से,ब्यापारिक संगठन से,चेम्बर ऑफ कॉमर्स,समाजसेवी संगठन,जनप्रतिनिधियो आदि से भी संजय काम्प्लेक्स के बेहतर विस्तार और निर्माण के लिये सुझाव और विचार मांगा है ताकि यह एक मॉडल काम्प्लेक्स के रूप में परिलक्षित हो।

महापौर जानकी काट्जू ने बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल एवं रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक के मार्गदर्शन में बहुप्रतीक्षित संजय काम्प्लेक्स का निर्माण शहरवासियो के सपनो को पूरा करने जैसा है।आर्किटेस्ट द्वारा डिजाइन किया गया है किंतु संजय काम्प्लेक्स को सर्वसुविधायुक्त और मॉडल स्वरूप देने शहर के बुद्धिजीवी वर्ग समाजसेवी ,ब्यवसायिक वर्ग,चेम्बर ऑफकॉमर्स,जनप्रतिनिधियो एवं आम नागरिक से भी काम्प्लेक्स के निर्माण हेतु सुझाव और विचार आमंत्रित करते हुए अपील की गई है निश्चित ही आगामी दिनो में रायगढ़ शहर को एक मॉडल मार्केट मिलने वाला है जहां उन्हें हर जरूरत की वस्तुएं उपलब्ध होंगी।

# कलेक्टर गौठान समिति के अध्यक्षों से की वीडियो काल से की चर्चा



**रायगढ़ ।** छ.ग. शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के तहत कलेक्टर भीम सिंह ने वर्चुअल माध्यम से खरसिया ब्लॉक के लोढाझर पंचायत के गौठान समिति अध्यक्ष मनोज साहू तथा रायगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत ननसियां के गौठान समिति के अध्यक्ष नेत्रानंद पटेल से चर्चा की और गौठान के संचालन में आ रही समस्याओं की जानकारी भी ली।

लोढाझर गौठान के अध्यक्ष ने कलेक्टर सिंह से चारागाह का व्यवस्थित सीमांकन एवं केचुआ विक्रय की राशि भुगतान में विलंब होने की बात कही है, जिस पर कलेक्टर सिंह ने जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर सिंह ने आजीविका संवर्धन हेतु एसएचजी की महिलाओं को लाभ दिलाने हेतु उन्हे गौठान के कार्यों में जोड़ने हेतु समझाईश दिया तथा बताया कि एसएचजी द्वारा गोठान में निर्मित खाद के विक्रय से प्राप्त राशि का 30 प्रतिशत लाभांश एसएचजी की महिलाओं को दिया जाना है। रायगढ़ विकासखण्ड के ननसिया गोठान के अध्यक्ष नेत्रानंद पटेल ने भी खाद विक्रय गोठान में पानी टंकी की आवश्यकता बताई, जिस पर कलेक्टर सिंह ने जल्द ही इसका समाधान होने की बात कही।

# कलगाटार के लमघटहीन जंगल में दो आरोपियों से 320 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

**» अवैध महुआ शराब पर जारी है कार्रवाई... खरसिया, बरमकेला, तमनार में पकड़ी गई अवैध महुआ शराब**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में जिले के बरमकेला, खरसिया, तमनार थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब पर कार्यवाही की गई है।

जानकारी के अनुसार आज दिनांक 13/07/2021 के सुबह थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक नेल्सन कुजूर को मुखबिर से सूचना मिली कि कलगाटार के लमघटहीन जंगल में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर अवैध बिक्री के लिए संग्रहण कर रखे होने की सूचना पर थाना प्रभारी हमराह स्टाफ के साथ मौके पर रेड किये, जहां दो व्यक्तियों को घेराबंदी कर पुलिस पकड़ी।पूछताछ में आरोपी अपना नाम 1-दिलीप चौहान पिता साधराम चौहान उम्र 31 वर्ष 2-बंशीधर यादव पिता पंचराम यादव 33 वर्ष दोनों निवासी ग्राम कलगीटार थाना बरमकेला के निवासी रहना बताएं, जिनके कब्जे से बरमकेला पुलिस द्वारा 200 लीटर, 45 तथा 15-15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरकिन/ड्रम में - कुल 320 लीटर महुआ शराब कीमती 64,000 रुपए तथा मौके पर महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त बर्तन सिल्वर की गंज, सिल्वर का झांझी, पाइप आदि की जब्ती की गई है। आरोपियों पर थाना बरमकेला में 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

दिनांक 13-07-2021 को चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुये हमराह स्टाफ के साथ मुखबीर सूचना पर ग्राम मौहापाली बाईपास पर आरोपी संजू जोल्हे पिता श्याम लाल जोल्हे उम्र 20 साल निवासी मौहापाली के पास से 5 लीटर वाली जरकिन तथा 1-1 लीटर वाली बॉटल में अवैध बिक्री के लिये लेकर जाते हुये 11 लीटर महुआ शराब पकड़ा गया है।

एक अन्य कार्रवाई में चौकी खरसिया पुलिस द्वारा एचएफ डीलक्स मोटर सायकल में गीधा से पुरानी बस्ती की ओर एक युवक शराब लेकर आने की सूचना पर कार्रवाई करते हुये आरोपी दाताराम डनसेना पिता दूजराम डनसेना उम्र 23 साल साकिन कोड़ाभाठा, गीधा थाना खरसिया को पकड़ा गया, जिसके पास से 10 लीटर महुआ शराब एवं शराब के अवैध परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल सीजी 13 यू.ए. 3804 की जप्ती की गई है। आरोपियों पर थाना खरसिया में धारा 34 (2), 59 (क) की कार्रवाई की गई है।

बरमकेला पुलिस द्वारा कल दिनांक 12/07/2021 को मुखबिर सूचना पर ग्राम सराईपाली बस्ती भोगीलाल के फुटा मकान के पास आरोपी जीवर्धन चौहान पिता मनबोध चौहान उम्र 25 वर्ष ग्राम सराईपाली थाना बरमकेला को प्लास्टिक जरीकेन में महुआ शराब लेकर आते हुये पकड़े, आरोपी के पास से 10 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है।

तमनार थाना प्रभारी निरीक्षक किरण गुप्ता एवं स्टाफ द्वारा ग्राम गोढी में सुभाषिनी सिदार अपने घर में अवैध रूप से महुआ शराब बेचने की सूचना पर कार्रवाई करते हुये आरोपिया श्रीमती सुभाषिनी सिदार पति स्व0 रोहित श्रीदार उम्र 34 वर्ष सा0 गोढी के पास से 20 लीटर क्षमता वाली जरिकेन में भरी 11 लीटर महुआ शराब कीमत 1100 रूपये का जप्त किया गया है। आरोपिया पर थाना तमनार में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480